# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- भारत और फिनलैंड के बीच पर्यावरण, प्रवासन और सांख्यिकी सहित कई क्षेत्रों में समझौते पर हस्ताक्षर हुए। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा कीं।
- जनगणना 2027 के लिए चार डिजिटल उपकरण लॉन्च किए गए। गृह मंत्री ने जनगणना के शुभंकर–प्रगति व विकास का अनावरण किया।
- केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने पारम्परिक औषधीय ज्ञान को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करते हुए कार निकोबार के ग्यारह वैद्यों को प्रशिक्षण दिया।
- राजधानी श्री विजयपुरम के मरीना वॉक–वे पर युवा खिलाड़ियों ने रोमांचक शतरंज मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में 11वें रायसीना डायलॉग का उद्‌घाटन किया। रायसीना डायलॉग भू–राजनीति और भू–अर्थव्यवस्था पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली सबसे चुनौतीपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। रायसीना डॉयलाग भारत का एक प्रमुख सम्मेलन है जो साल 2016 से हर वर्ष नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन के दौरान 110 देशों के लगभग दो हजार सात सौ प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। इनमें मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और पूर्व सरकार के प्रमुख, सांसद, सैन्य कमांडर और उद्योग जगत के प्रमुख लोग शामिल हुए। संवाद के दौरान प्रतिभागी छह प्रमुख विषयों पर अलग–अलग सत्र में चर्चा कीं। इस सम्मेलन में वैश्विक नेता, नीति निर्माता और विशेषज्ञ अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों और रणनीतिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण मद्दों पर विचार–विमर्श कर रहे है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में 11वें रायसीना डायलॉग का उद्‌घाटन किया। रायसीना डायलॉग भू–राजनीति और भू–अर्थव्यवस्था पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली सबसे चुनौतीपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। रायसीना डॉयलाग भारत का

एक प्रमुख सम्मेलन है जो साल 2016 से हर वर्ष नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन के दौरान 110 देशों के लगभग दो हजार सात सौ प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। इनमें मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और पूर्व सरकार के प्रमुख, सांसद, सैन्य कमांडर और उद्योग जगत के प्रमुख लोग शामिल हुए। संवाद के दौरान प्रतिभागी छह प्रमुख विषयों पर अलग–अलग सत्र में चर्चा कीं। इस सम्मेलन में वैश्विक नेता, नीति निर्माता और विशेषज्ञ अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों और रणनीतिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण मद्दों पर विचार–विमर्श कर रहे है।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में चार डिजिटल उपकरणों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वर्ष 2027 की जनगणना के लिए महिलाओं और पुरुषों के प्रतीक शुभंकर – प्रगति और विकास का औपचारिक अनावरण किया। इन उपकरणों में हाउसलिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर वेब एप्लिकेशन, एच एल ओ मोबाइल एप्लिकेशन, स्व–गणना पोर्टल और जनगणना प्रबंधन तथा निगरानी प्रणाली पोर्टल शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र ने देश भर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए यह उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं।

<><><><><><><>

भारत ने डिजिटल समावेशन के लिए उपकरणों और सेवाओं के उपयोग में अंतर को कम करने और उनकी किफायती उपलब्धता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। स्पेन के बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 में संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि आख़री पांचवां स्तंभ, जो पहले तीन स्तंभों से निकलकर आता है, वह है लागत को कम करने की क्षमता। दस साल पहले, भारत में 1 जीबी डेटा की कीमत लगभग 3 डॉलर होती थी। आज भारत में 1 जीबी डेटा की कीमत सिर्फ़ 9 सेंट है। हमने इस लागत को सत्तानबे प्रतिशत तक कम किया है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में निकोबारी जनजातीय वैद्यों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित परियोजना "वैज्ञानिक सत्यापन के माध्यम से निकोबारी जनजातियों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति और स्वरोजगार को बढ़ावा" के अंतर्गत 24 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार निकोबार से आए 11 निकोबारी जनजातीय पारंपरिक वैद्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें एथनो–वेटरिनरी औषधीय

पद्धतियों और पारंपरिक हर्बल उत्पादों के माध्यम से आय सृजन के तरीकों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के उपचार में उपयोग होने वाली अपनी पारंपरिक हर्बल तैयारियों का प्रदर्शन भी किया। समाज कल्याण निदेशालय की राज्य मिशन समन्वयक डॉ. नीतू सिंधु ने ट्राइफेड, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम, राज्य जनजातीय विकास निगम तथा ट्राइबल हाट जैसे विपणन प्लेटफार्मों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। यह कार्यक्रम डॉ. टी. सुजाता के नेतृत्व में तथा संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित मरीना पार्क के पास मरीना वॉकवे पर कल शाम अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन द्वारा शतरंज सिमल्टेनियस एग्जीबिशन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध शतरंज प्रशिक्षक और प्रमोटर इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खम्पारिया ने एक साथ कई खिलाड़ियों के साथ शतरंज की बाजियां खेलीं। सिमुल के दौरान उन्होंने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के कई स्थानीय और उभरते शतरंज खिलाड़ियों के खिलाफ एक साथ कई बोर्डों पर खेलते हुए अपनी उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया। वे एक बोर्ड से दूसरे बोर्ड तक जाकर खिलाड़ियों के साथ रोमांचक मुकाबले खेलते रहे, जिसे देखने के लिए मरीना वॉकवे पर बड़ी संख्या में दर्शक एकत्र हुए। प्रतियोगिता में आई एम अक्षत खम्पारिया को कड़ी चुनौती देने वाले तीन खिलाड़ियों को आगामी शतरंज प्रतियोगिता में सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन ने युवा शतरंज खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मास्टर के साथ खेलने और खेल की बारीकियां सीखने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

<><><><><><><>

डॉ बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में अकादमिक सत्र 2025–26 के लिए डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए तेरह मार्च को साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार से संबंधित शैक्षणिक योग्यताएं, कार्यक्रम तथा डेमो विषयों का विवरण संस्थान की वेबसाइट से डाउलोड किया जा सकता है। पात्र उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे साक्षात्कार के समय अपनी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित स्वप्रमाणित प्रतियाँ तथा मूल दस्तावेज साथ लाएँ।

<><><><><><><>

आई सी सी टी 20 क्रिकेट विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अब से कुछ देर बाद शुरू होने जा रहा है। पहले

सेमीफाइनल में कल रात न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी।

**<><><><><><><>**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में, खेल एवं युवा मामले विभाग, शिक्षा विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से 7 और 8 मार्च को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम 5 बजे तक नेताजी स्टेडियम में महिलाओं के लिए विभिन्न खेल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी 7 मार्च को सुबह साढ़े आठ बजे तक अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए खिलाड़ी फोन संख्या 94–34–290–640 और 95–31–954–679 पर सम्पर्क कर सकते है।

**<><><><><><><>**